तड़प | By C. Chanchal Bhati

जाने वाले एक संदेसा सांवरे से कह देना
खाटू आने को एक प्रेमी आपका तरसता है
याद में तुम्हारी बाबा रोताऔर बिलखता है
खाटू आने को एक प्रेमी आपका तरसता है

दुनिया भर के सारे प्रेमी तुमसे मिलने जाते हैं
ऐसी क्या खता हुई हमसे हम समझ न पाते हैं
जब भी कोई खाटू जाता मेरा मन ललचता है
खाटू आने को एक प्रेमी आपका तरसता है

बेक़रार आँखें हैं ये दीदार पाने को
एक बार कह दो बाबा अपने धाम आने को
जी भर के देखूं तुमको मन मेरा मचलता है
खाटू आने को एक प्रेमी आपका तरसता है

सौंप दी तेरे चरणों में मैंने अपनी अर्ज़ी है
राजी रखो जैसे बाबा आगे तेरी मर्ज़ी है
हुक्म तेरा ही कुंदन का सांवरे सफलता है
खाटू आने को एक प्रेमी आपका तरसता है
जाने वाले एक संदेसा ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%aa-by-c-chanchal-bhati/